Rajasthan Patrika, Page No.- 02
Date :- 22/02/2026

शहर में दौड़ेंगी तीन हजार से ज्यादा ई-बसें, मेट्रो-बीआरटीएस कनेक्टिविटी होगी और मजबूत, रिवरफ्रंट हाउस पर मॉबिलिटी एग्जीबिशन का उद्घाटन

# ओलंपिक 2036 की तैयारी : एयरपोर्ट, गिफ्ट सिटी के बीच बनेंगी 4 नई मेट्रो लाइन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** गुजरात की शहरी विकास राज्य मंत्री दर्शना वाघेला ने कहा कि शहर ओलंपिक 2036 के लिए तैयार हो रहा है। रिवरफ्रंट हाउस पर अहमदाबाद मनपा, शिफ्ट ट्रांसपोर्ट के संयुक्त तत्वावधान में 'अहमदाबाद नेक्स्ट' के तहत आयोजित 'मॉबिलिटी एक्जीबिशन' का शनिवार को उन्होंने उद्घाटन किया। इस दौरान ओलंपिक की तैयारी के लिए शहर व राज्य सरकार के विजन की रूपरेखा को भी व्यक्त किया। उन्होंने एएमटीएस की लाल बस से लेकर बीआरटीएस और मेट्रो सेवा तक की ऐतिहासिक व मौजूदा विकास यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि आगामी 25-50 वर्षों के दौरान होने वाले विकास को ध्यान में रखते हुए शहर में सेकेंड रिंग रोड विकसित किया जाएगा। लॉजिस्टिक पार्क बनेगा। साबरमती रिवरफ्रंट का गांधीनगर तक विस्तार होगा। यह आयोजन अहमदाबाद को एक विश्वस्तरीय 'लिवेबल सिटी' बनाने में मददगार होंगे। इतना ही नहीं रिंग रोड पर ट्रैफिक घटाने के लिए कनेक्ट वाहन सुविधा और मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग सुविधा बढ़ाने पर जोर दिया। प्रदर्शनी 23 फरवरी तक चलेगी।



मॉबिलिटी एग्जीबिशन का उद्घाटन करतीं शहरी विकास राज्यमंत्री दर्शना वाघेला। साथ हैं महापौर प्रतिभा जैन, मनपा आयुक्त व अन्य।

**आरआरटीएस से जुड़ेंगे कलोल, साणंद :** मनपा आयुक्त बंछानिधि पाणी ने कहा कि कलोल और साणंद जैसे सैटेलाइट टाउन को भी रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के जरिए शहर से जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रा का समय 30-45 मिनट तक सीमित रहेगा।

**शहर में दौड़ाई जाएंगी तीन हजार ई-बसें :** महापौर प्रतिभा जैन ने कह कि अहमदाबाद वर्ष 2070 तक प्रधानमंत्री मोदी के विज़न को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। शहर में 3000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना है। ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए वाहन कर में 100% छूट दी गई है।

**ओलंपिक 2036 की बिडिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी :** शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव एम. थेनारसन ने बताया कि 2030 कॉमनवेल्थ और 2036 ओलंपिक के लिए बिडिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप शहर की एयर क्वालिटी सुधारने के लिए एयरपोर्ट और गिफ्ट सिटी को जोड़ने वाली 4 नई मेट्रो लाइनों का प्रस्ताव है। गुजरात सरकार द्वारा परिवहन के लिए वायबिलिटी गेप फंडिंग की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर विधायक अमित शाह, स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन देवांगभाई दाणी, एएमटीएस चेयरमैन धरमशी देसाई, संयुक्त पुलिस आयुक्त नीरज बडगुजर, शासक दल के नेता गौरांग प्रजापति सहित अनेक गणमान्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।